Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take up construction of Sitamarhi-Laukahi railway line

श्री अशोक कुमार यादव (मधुबनी): सभापति महोदय, मैं मिथिलांचल के सीमावर्ती तीन जिलों के लोगों तथा इस क्षेत्र के चहुंमुखी विकास हेतु बहुप्रतीक्षित सीतामढ़ी से निर्मली वाया सुरसंड, साहारघाट, जयनगर, लौकही नई रेल लाइन, जिसकी परिकल्पना एवं धरातल पर उतारने का प्रयास एक दशक पहले किया गया था, को यथाशीघ्र शुरू करने का आग्रह करता हूं।... (व्यवधान) ज्ञातव्य हो कि रेलवे सूत्रों के हवाले से समाचार पत्रों में मार्च 2011 एवं अप्रैल 2012 में प्रकाशित खबरों के अनुसार इस रेल लाइन का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया था एवं रेलवे ने इस रेल लाइन के लिए भू-अधिग्रहण हेतु 30 करोड़ रूपये भी आवंटित किये थे तथा भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भी शुरू कर दी थी। दी गई जानकारी के अनुसार 189 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के लिए 6 वर्षीय योजना पर 693 करोड़ रूपये खर्च होने का अनुमान था। इससे सीतामढ़ी व मधुबनी जिले की कोसी पार के सहरसा एवं सुपौल जिलों से दूरी घट जाएगी।... (व्यवधान)